स्रोत- राजस्थान पत्रिका
दिनांक- 14.05.2018
पृष्ठ संख्या - 12

कोलकाता में 1.72 करोड़ का सोना जब्त

डीआरआई की चौरंगी के होटल में छापेमारी, मिजोरम वासी गिरफ्तार

म्यांमार से तस्करी कर कोलकाता लाया था 5.4 किलो सोना

कोलकाता. खुफिया शाखा डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस (डीआरआई) सोने की तस्करी के मामले में बड़ी कामयाबी हासिल की है। डीआरआई की कोलकाता शाखा ने शनिवार को महानगर के चौरंगी स्थित सनफ्लावर गेस्ट हाउस में छापेमारी कर 1.72 करोड़ रुपए मूल्य के सोने के साथ मिजोरम के एक जने को गिरफ्तार किया है। कुल 5.4 किलो सोना जब्त किया गया। खुफिया सूत्रों के आधार पर यह छापेमारी की गई। डीआरआई के सूत्रों वे बताया कि पकड़े गए व्यक्ति का नाम एफ.लालथंग कीमा (26) है। लालथंग मिजोरम के आईजोल स्थित दाउरपुल इलाके का रहने वाला है। आरोपी ने सोना आईजोल से कोलकाता लाया था। डीआरआई आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

ट्रॉली बैग के हैंडल में छुपाया था सोना

डीआरआई सूत्रों ने बताया कि लालथंग ने ट्रॉली बैग के हैंडल में सोना छुपाया था। हैंडल को अच्छी तरह से सेलोटेप से चिपकाया गया था। कुल 5.4 किलो सोने के बिस्कुट मिले हैं। आरोपी के कॉल डिटेल्स को खंगाला जा रहा है। पता लगाया जा रहा है कि कोलकाता में किसी को इस सोने की सप्लाई करनी थी अथवा यहां से और कहीं ले जाना था?

म्यांमार से मिजोरम से शिलौंग वाया सिलीगुड़ी

डीआरआई के सूत्रों ने बताया कि जब्त सोने पर म्यांमार का हॉलमार्क है। आरोपी ने वहां से मिजोरम, फिर शिलांग, फिर सिलीगुड़ी के रास्ते कोलकाता आया। गत 10 मई को उत्तरी पूर्वी भारत से सोना पकड़ा गया था। एक महीने के भीतर डीआरआई की तीसरी छापेमारी हैं। गत वित्त वर्ष में डीआरआई ने करीब 430 किलो सोना जब्त किया है।